B.A - Part - III
Group — A
Paper — VIII

DR. Dhananjay Jha
Assistant professor
(Guest faculty / part time)
Deptt. of Pol. science,
L.S. College, Muzaffarpur.
Mob. 8210688019.

Topic :- "Sources of International Law."

(अन्तर्राष्ट्रीय कानून / विधि के स्रोत)

* स्रोत का अर्थ (Meaning of Sources) :⟹

'स्रोत' शब्द भूगोल का शब्द है, जिसका अर्थ होता है - किसी नदी का उद्गम स्थान। दूसरे शब्दों में, हम कह सकते हैं कि 'स्रोत' शब्द का सामान्य आशय (अर्थ) उद्गम अथवा प्रादुर्भाव होता है।

* अन्तर्राष्ट्रीय कानून के स्रोत से अभिप्राय : (Meaning of the Sources of International Law) :⟹

अन्तर्राष्ट्रीय कानून या विधि के स्रोत से अभिप्राय उन विभिन्न तत्वों एवं कार्यों से है जो कानूनों के विकास (Development of Laws) का कारण बने हैं अर्थात् जिन तत्वों एवं कार्यों के बल पर कानूनों के विकास की प्रक्रिया सुनिश्चित होती है, उसे ही अन्तर्राष्ट्रीय कानून के स्रोत की संज्ञा दी जाती है। इस प्रकार उपर्युक्त तथ्यों के आधार पर कहा जा सकता है कि कानून या विधि का स्रोत किसी समाज के ऐतिहासिक विकास के वे मूल तत्त्व हैं, जिनसे इनका प्रादुर्भाव / उद्गम / उद्भव होता है और इसे कानूनी शक्ति प्राप्त होती है।

Scanned with CamScanner

अन्तर्राष्ट्रीय कानून या विधि के स्रोत की परिभाषा :⟹
(Definition of the sources of the International Law)

अन्तर्राष्ट्रीय कानून के स्रोत को विभिन्न विद्वानों ने अपने-अपने ढंग से परिभाषित किया है जो निम्नवत् है —

(1) लॉरेन्स ने इसे परिभाषित करते हुए कहा है कि "यदि हम कानून के स्रोत का अर्थ कानून के आरम्भ से लें और उसे उसकी बाध्यता की शक्ति से प्राप्त मानें तो अन्तर्राष्ट्रीय मामलों के सम्बन्ध में कानून का केवल एक ही स्रोत है, और वह है — 'राष्ट्रों की सहमति'। यह सहमति प्रकट या प्रत्यक्ष भी हो सकती है और परोक्ष या अप्रत्यक्ष भी। प्रकट या प्रत्यक्ष सहमति सन्धियों या अन्तर्राष्ट्रीय प्रलेखों द्वारा दी जाती है, जबकि परोक्ष या अप्रत्यक्ष सहमति अन्तर्राष्ट्रीय आचरण में सन्निहित होती है।"

लॉरेन्स की उपर्युक्त परिभाषा का विश्लेषण हम निम्नांकित रूप में कर सकते हैं —

कानून का स्रोत (अन्तर्राष्ट्रीय कानून का स्रोत)

↓

राष्ट्रों की सहमति (आपसी तालमेल)

↓ ↓

- प्रकट या प्रत्यक्ष (Direct) सहमति (सन्धियों या अन्तर्राष्ट्रीय प्रलेखों के द्वारा)
- परोक्ष या अप्रत्यक्ष (Indirect) सहमति (अन्तर्राष्ट्रीय आचरण - International ethics में सन्निहित होना)

Scanned with CamScanner

(3) ② ओपेनहीम के शब्दों में, "कानून का स्रोत उस ऐतिहासिक तथ्य का नाम है जिससे आचरण के नियम (Rule of ethics) निकलते हैं। ये नियम अस्तित्व में आते हैं और कानूनी शक्ति प्राप्त करते हैं। राष्ट्रों की सामान्य इच्छा (General Interests या General will) ही अन्तर्राष्ट्रीय कानून का स्रोत है।"

③ स्टार्क के अनुसार, अन्तर्राष्ट्रीय विधि के स्रोत रीति-रिवाज या विवेक हैं।"

④ एडवर्ड कॉलिन्स के अनुसार, "अन्तर्राष्ट्रीय कानून के स्रोतों से मेरा अभिप्राय उन तरीकों या प्रक्रिया से है जिनके द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय कानून का जन्म होता है।"

⑤ प्रो० स्टार्क के शब्दों में, "अन्तर्राष्ट्रीय कानून के स्रोत से हमारा आशय उस वास्तविक सामग्री से है जो अन्तर्राष्ट्रीय विधिशास्त्री अन्तर्राष्ट्रीय झगड़ों के नियम आदि में प्रयोग करने के लिए प्रयुक्त करते हैं।

उपर्युक्त परिभाषाओं के विश्लेषणों पश्चात् हम इस निष्कर्ष पर पहुँचते हैं कि अन्तर्राष्ट्रीय विधि अथवा कानून के स्रोतों के सम्बन्ध में विधिवेत्ताओं तथा विद्वानों ने अपने-अपने ढंग से भिन्न-भिन्न विचार व्यक्त किये हैं। ओपेनहीम ने अन्तर्राष्ट्रीय विधि के स्रोतों में International Community का उल्लेख करते हुए कुल छः स्रोतों की चर्चा की है। Starke ने सामान्य रूप से स्वीकृत स्रोतों के अतिरिक्त एक अलग स्रोत का भी उल्लेख किया है।

—x—

Scanned with CamScanner